कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-31.01.2025

विषय:- वरुणा ज़ोन के विभिन्न थानाक्षेत्रों में दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले 03 नफ़र बाल अपचारियों को थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, चोरी की कुल 06 अदद मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर 1- मु0अ0सं0 0046/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी, 2- मु0अ0सं0 0032/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी, 3- मु0अ0सं0 0787/2024 धारा 303(3) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी व 4- मु0अ0सं0 0035/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित 03 नफ़र बाल अपचारियों को आज दिनांक-31.01.2025 को समय करीब 06.35 बजे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। बाल अपचारियों की निशानदेही पर चोरी की कुल 06 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0049/2025 धारा 303(2), 317(2), 317(5), 318, 319, 338, 336(2), 340(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 26.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 23.01.2025 को सुबह के समय शक्ति पीठ कॉलोनी से उनकी गाड़ी हीरो स्पलेन्डर स्मार्ट रजि0 नं0- UP 54 AA 7602 चोरी हो जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-46/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सौरवपति त्रिपाठी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

बाल अपचारियों से पूछताछ का विवरण- बाल अपचारियों ने पूछताछ करने पर बताया की हम तीनों मित्रगण व हमारा एक अन्य साथी मिलकर हम सभी लोग अलग-अलग स्थान से विभिन्न प्रकार की गाड़ियां चोरी करते है और गाड़ी का नम्बर प्लेट बदल कर चलाते है एवं चेचिस नम्बर भी मिटा देते हैं और कुछ गाडियों को बिना नम्बर प्लेट के भी हम लोग चलाते हैं। हम गाड़ी को चलाकर अपने शौक पूरे करने के बाद कही पर भी छोड़ देते हैं। हम लोग मिलकर अभी तक लगभग 06 गाड़िया चोरी कर चुके हैं जिसमें स्पेलेण्डर,अपाचे एवं बुलेट भी शामिल हैं। जिसमें से एक गाड़ी बाल अपचारी-1 के पास है और 05 गाड़ियां हम लोगों ने छिपा कर रखी हैं। जिनको बाल अपचारियों की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया।

अभिरक्षा में लिए गये बाल अपचारियों का विवरण-

1- बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष।

2- बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष।

3- बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी/अभिरक्षा का स्थान, दिनांक व समय- थाना स्थानीय थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-31.01.2025 को समय करीब 06.35 बजे।

बरामदगी का विवरण- चोरी की कुल 06 अदद मोटरसाइकिल (01 अदद अपाचे, 01 अदद हीरो स्पेलण्डर, 02 अदद बुलेट, 01 अदद सुपर स्पेलण्डर व 01 अदद आईस्मार्ट स्पलेंडर बाइक) बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0046/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 0032/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

3- मु0अ0सं0 0787/2024 धारा 303(3) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

4- मु0अ0सं0 0035/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

5- मु0अ0सं0 0049/2025 धारा 303(2),317(2),317(5),318,319,338,336(2),340(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

पुलिस अभिरक्षा/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

(1)- थानाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(2)- उ0नि0 दुर्गेश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(3)- हे0का0 विनीत कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(4)- का0 विनय कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(5)- का0 नितेश तिवारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(6)- का0 सौरभ तिवारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(7)- म0का0 मोनिका सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।